

# नानाखेड़ा मैदान पर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम ,सीएम बोले –घोषणा नहीं टेंडर कर दिया

## नवभारत की खबर का हुआ असर, हॉकी स्पर्धा को लेकर उठाया था मुद्दा, अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन

**उज्जैन। नवभारत की एक बड़ी खबर का असर त्वरित तौर पर हुआ है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से घोषणा करते हुए सार्वजनिक तौर पर कहा कि जिस खेल स्टेडियम में यह लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम हो रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच होंगे और जल्द ही यहां पर हॉकी स्टेडियम बनेगा इसके टेंडर भी कर दिए गए हैं।**



गौरतलब है कि नवभारत समाचार पत्र द्वारा हॉकी प्रतियोगिता को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था कि राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की फाइल बनी फुटबॉल जिसमें यह भी उल्लेख किया था कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का गृह नगर है उज्जैन और यहां पर रूपसिंह गोल्ड हॉकी प्रतियोगिता कराए जाने में कोताही बरती जा रही है। पिछले 45 सालों से ये प्रतियोगिता हो रही थी। देश-प्रदेश समेत उज्जैन में भी ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी है जिन्हें प्रतियोगिता होने से एक बड़ा मंच मिल सकता है। बावजूद इसके राष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन तक नगर निगम ने फाइल नहीं भिजवाई। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सिंहस्थ 2028 को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए उज्जैन में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। सड़क, यातायात, आवास, खेल, गौ-संवर्धन और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की फाइल बनी 'फुटबॉल'!

- पत्र दिल्ली नहीं पहुंचा, गुजरने वाला है साल
- टीम के खिलाड़ियों को आयोजन का इंतजार
- नकद पुरस्कार के साथ मिलती है विजेता को गोल्ड ट्रॉफी

टैगोर बोले संतोष रखो

20 दिन पहले आयोजन की घोषणा

### 129 करोड़ रुपए के भूमि पूजन और लोकार्पण

सोमवार को नानाखेड़ा स्थित विजयाराजे सिंधिया खेल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 129.18 करोड़ रुपये की लागत से 12 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही उत्कर्ष उज्जैन पोर्टल कौशल सेतु कार्यक्रम और प्रोजेक्ट स्वाध्याय (कोडिंग फॉर ऑल) का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन के साथ हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल की पावन भूमि पर विकास की प्रक्रिया अविराम है। उज्जैन में हो रहा यह विकास केवल सिंहस्थ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले वर्षों में शहर की पहचान को विश्व मे नई ऊंचाई देगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन प्रवास के दौरान फ्रीगंज स्थित अखंड ज्योति हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और विकास की कामना की। इसके बाद लोकशक्ति भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन किया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।संभाग आयुक्त आशीष सिंह ,उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय, उमेश नाथ महाराज, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौर समेत अनेक नेता अफसर उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने यह सौगात दी

गौशाला में अधोसंरचना विकास, गौमाताओं के संरक्षण, चारा, पानी और देखरेख की बेहतर व्यवस्थाएं की जाएंगी। नानाखेड़ा चौराहा से शांति पैलेस एमआर-2 मार्ग चौड़ीकरण (9.44 करोड़)इस मार्ग के चौड़ीकरण से नानाखेड़ा क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव कम होगा और सिंहस्थ के दौरान आवागमन सुगम बनेगा। सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण व सेंट्रल डिवाइडर (13.12 करोड़) इस कार्य से यातायात व्यवस्था सुरक्षित होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। पंवासा क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस कॉलोनी विकास (8.75 करोड़) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आवासीय सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। हनुमान नाका से हरिफाटक तक मार्ग चौड़ीकरण (5.93 करोड़), महाकाल मंदिर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह मार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। धार्मिक और भीड़भाड़ वाले इस क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। कानीपुरा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण (3.47 करोड़) युवाओं और खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ढांचा भवन से एमआर-5 तक सड़क चौड़ीकरण (12.82 करोड़), सिंहस्थ क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी विकसित होगी। गाड़ी अड्डा चौराहा से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर तक एमआर-4 रोड चौड़ीकरण (38.38 करोड़)यह उज्जैन की प्रमुख सड़कों में से एक है, जिससे शहर के बड़े हिस्से को सीधा लाभ मिलेगा। नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण (5.25 करोड़)ग्रामीण प्रशासन को बेहतर सुविधाएं और व्यवस्थित कार्यालय व्यवस्था उपलब्ध होगी।

# हिन्दू छात्रा से छेड़छाड़ कर रहा था

## हिन्दूवादी संगठन ने मुस्लिम युवक को पकड़ा



**उज्जैन। कालिदास स्कूल की छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर रहे मुस्लिम युवक को सोमवार शाम हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। युवक इंदौर में काम करता है और कोलकत्ता का रहने वाला है।**

हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को खबर मिली थी कि कालिदास स्कूल बियाबानी चौराहा के पास एक छात्रा को 2 मुस्लिम युवक द्वारा परेशान किया जा रहा है। हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों की घेराबंदी की। एक युवक भाग निकला, लेकिन दूसरे को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसका नाम असगर पिता रहीम सरकार 26 साल कलकत्ता हाल मुकाम इंदौर होना सामने आया। छात्रा से छेड़छाड़ करने पर उसे सबक सिखाया गया। छात्रा हिन्दूवादी संगठन के आने पर मौके से चली गई थी। संगठन के कपिल कसेरा, दिनेश मकवाना, राहुल सिसौदिया, अशोक माली, प्रवण व्यास, लखन पटेल और अन्य साथी मुस्लिम युवक को कोतवाली थाने लेकर पहुंचे और पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार युवक से पूछताछ की जा रही है। छात्रा से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। छात्रा द्वारा शिकायत कराने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी, अगर छात्रा शिकायत दर्ज नहीं कराती है तो पुलिस असगर रहीम के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करेगी।

# घर के बाहर खेल रहे 4 साल के मासूम पर स्ट्रीट डॉग का हमला

**उज्जैन। स्ट्रीट डॉग के हमले थम नहीं रहे हैं। शाम घर के बाहर खेल रहा 4 साल का मासूम पतंग देख पास की गली में चला गया। इस दौरान स्ट्रीट डॉग ने हमला कर दिया। मासूम का चेहरा बुरी तरह जख्मी हुआ है। परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ऑपरेशन थियेटर में उपचार कर चेहरे पर टांके लगाए गए और रेबीज वैक्सीन का डोज देकर भर्ती किया गया है।**



आगररोड स्थित ग्राम जैथल में किराना दुकान चलाने वाले अर्जुन मालवीय का 4 वर्षीय पुत्र प्रियांशु शाम को आसमान में उड़ रही पतंग देख रहा था। पिता किराना दुकान पर थे। मासूम प्रियांशु पतंग देखता हुआ पास की गली में चला गया, उसी दौरान स्ट्रीट डॉग ने उस पर हमला कर दिया। मासूम गिर पड़ा, डॉग ने उसका चेहरा नोंच लिया। मासूम का शोर सुनकर पिता और आसपास लोगों दौड़े और मासूम को स्ट्रीट डॉग से छुड़ाया। प्रियांशु का चेहरा लहूलुहान हो चुका था, उसे तत्काल चरक अस्पताल लाया गया, चेहरे और आंख पर गहरे जख्म होने पर डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन थियेटर में शिफ्ट किया और उपचार शुरू कर मासूम के चेहरे पर टांके लगाये। मासूम दर्द से कराह रहा था। मासूम को उपचार के लिये भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि मासूम पर स्ट्रीट डॉग के हमले के बाद गांव में बच्चे दहशत में आ गये थे। यही नहीं रविवार दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच 12 लोगों ने अलग-अलग क्षेत्र में कुत्तों ने अपना शिकार बनाया। जिसमें बच्चे, पुरुष शामिल थे। चरक अस्पताल इमरजेंसी कक्ष में ड्यूटरत डॉक्टर कपिल वर्मा ने बताया कि सभी को प्राथमिक उपचार देकर रेबिज वैक्सीन का डोज दिया गया है। सिर्फ जैथल का रहने वाला मासूम गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसका उपचार चल रहा है।

### प्रतिदिन 12 से 15 मामले आ रहे सामने

स्ट्रीट डॉग के काटने पर प्रतिदिन चरक अस्पताल में 12 से 15 मामले सामने आ रहे है। पूर्व में भी स्ट्रीट डॉग की वजह से कुछ लोगों की मौत हो चुकी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट डॉग की संख्या काफी बढ़ रही है। यह गली-मोहल्लों में खेलते बच्चों के साथ वाहनों से गुजरने वालों को अपना शिकार बना रहे है। सालभर में 4 हजार से अधिक मामले चरक अस्पताल में पहुंच चुके है। सभी को नि:शुल्क वैक्सीन के 3 से 4 डोज लगाये जा रहे हैं।

## श्री राम कथा में हुआ शिव विवाह

**उज्जैन।** श्री नागरिक युवा मंच दमदमा एवं भागवत सत्संग समिति द्वारा दमदमा में आयोजित श्री राम कथा में शिव विवाह हुआ। जिसमें भजनों पर भक्त झूम उठे। उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि राम कथा के द्वितीय सोपान में पं. दर्पण शर्मा द्वारा शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने शिव पार्वती विवाह में शामिल होकर कथा का श्रवण किया। कथा के मुख्य यजमान कमल विश्वकर्मा एवं भगवती विश्वकर्मा, सत्यनारायण शर्मा एवं श्यामा शर्मा है। शिव पार्वती के रूप में माही रैकवार, जया रैकवार ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर संरक्षक राजेंद्र वशिष्ठ, कैलाश मालवीय, आयुष शर्मा एवं समस्त धन-प्राण जनता उपस्थित थे। आरती के यजमान डॉ. सर्वेश्वर माहेश्वरी एवं डॉ. अदिति महेश्वरी थे। कार्यक्रम में भक्तों ने शिव विवाह में बधाई नृत्य एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया गया।

# साईबाबा को लगेगा छप्पन भोग 1 को

**उज्जैन।** नववर्ष की अगवानी यूं तो अनेक सामाजिक संस्थाएं अपने अपने स्तर पर कर रही है। वहीं धार्मिक संस्थाओं में भी अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें भगवान को भोग के साथ महाआरती का भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में अलखधाम नगर स्थित साईं मंदिर में महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा।

दीपक बेलानी ने बताया 1 जनवरी को सुबह सुबह 6 बजे काकड़ आरती के बाद साई बाबा का दुग्धाभिषेक, पूजन कर आरती की जाएगी। सुबह 10 बजे से ज्वलंत शर्मा, अमित शर्मा की भजन संध्या होगी। इसी बीच 11 से 12 बजे के बीच पत्रकार एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। वहीं दोपहर 12 बजे भारत माता की महाआरती होगी। शाम को 6 बजे साईंबाबा को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। दीपक बेलानी के अनुसार उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बड़ चढ़कर सेवा सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक में मौजूद रमेश गजरानी, सत्यनारायण शर्मा, सुरेन्द्र मालवीय, विनोद लुल्ला, संजय सोडाणी, रमेश परवाल, हेमेंद्र खंडेलवाल, ट्रस्टी ओम बंसल, पीयूष मालवीय, रिंकू बेलानी, दीपा वासवानी, कनक चौधरी, बबीता रोचवानी, दीपा खत्री सहित सभी ने 1 जनवरी को सुबह से शाम तक होने वाले आयोजनों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध भक्तों से किया है।

## दिव्यांगों ने महाकाल दर्शन कर किया महाकाल लोक भ्रमण

**उज्जैन।** समग्र शिक्षा अभियान समावेशीत शिक्षा अंतर्गत मायापुरी, हीरामल की चाल स्थित सीडब्ल्यूएसएन बालिका छात्रावास की 40 बालिकाओं को महाकालेश्वर दर्शन एवं महाकाल लोक भ्रमण कराया गया। (दिव्यांग) बालिका छात्रावास संचालक मनोज मालवीय ने बताया कि दर्शन करने वाली बालिकाओं में शामिल मुक बधिर, मानसिक रूप से अविकसित, दृष्टिबाधित बालिकाओं को सांकेतिक भाषा में महाकाल लोक में स्थित प्रतिमाओं की महत्ता एवं जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रावास के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# घूरकर देखा तो मैरिज गार्डन के बाहर युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन। शहर में लगता है कि बदमाशों में पुलिस का खौफ कम होता जा रहा है। तभी तो इतनी सतर्कता रहने के बाद भी चाकूबाजी जैसी घटनाएं अब आम हो चुकी है। इसी ही एक घटना में विवाह समारोह के दौरान घूरकर कर देखने की बात पर हुए विवाद में तीन युवकों ने मैरिज गार्डन से बाहर आकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर तीनों हमलावरों की तलाश शुरू की है।**

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि बेगमपुरा में रहने वाला शोएब अपने साथियों के साथ सांवराखेड़ी मार्ग पर बंधन मैरिज गार्डन में विवाह समारोह में शामिल होने गया था। जहां खाना खाने के दौरान घूरकर देखने की बात पर आफताब, आदिल और अमन निवासी विराट नगर से विवाद हो गया। गार्डन में मामला शांत हो गया लेकिन जब शोएब और उसके साथी घर लौट के लिए बाहर निकले तो तीनों युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें शोएब बुरी तरह घायल हो गया उसे दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचे। चाकूबाजी की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर हमला करने वाले तीनों युवकों के खिलाफ नामजद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। तीनों की तलाश में एक टीम लगी हुई है हमला करने के बाद तीनों आरोपी शहर से फरार हो गए हैं।

# गुजरात के भक्त ने महाकाल को 5 लाख के चांदी के आभूषण चढ़ाए

**उज्जैन।** साल के अंत में उज्जैन में बाबा महाकाल के दरबार में लाखों भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे है। इनमें से कई भक्त ऐसे भी है जो मनोकामनाएं पूर्ण होने पर भगवान को सोने-चांदी के आभूषण आदि भी अर्पित कर रहे हैं। इसी प्रकार सोमवार को गुजरात से आए भक्त श्री मेहुल ने मंदिर के पुरोहित पीयूष चतुर्वेदी, विपुल चतुर्वेदी की प्रेरणा से 2 किलो चांदी से निर्मित मुकुट, कुंडल भेंट किए। चांदी के आभूषणों की कीमत 5 लाख रुपए बताई गई है। मंदिर समिति ने भक्त से चांदी के आभूषण प्राप्त कर उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि पुरोहित चतुर्वेदी अपने यजमानों से मंदिर में पूर्व में कई आभूषण दान करवा चुके हैं।



## रीता जोशी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**उज्जैन।** उज्जैन के प्रतिष्ठित एवं पुराने विद्यालयों में शुमार कालिदास मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो दिवसीय कार्यक्रम कार्निवाल 2025 के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश पांचाल, संस्था अध्यक्ष माणकलाल गिरिया, सचिव यशवंत जैन सहित संचालक मंडल के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रीता जोशी को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि रीता जोशी विद्यालय में विगत 20 वर्ष से कार्यरत है, एवं विद्यालय की प्रायमरी, सेकेंडरी आदि कक्षाओं के विद्यार्थियों को कई विषयों पर शिक्षा प्रदान करती आई हैं। उपस्थित अतिथियों ने इस आयोजन की सहृदयता से सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा दी गई सभी प्रस्तुतियां बहुत ही सुंदर और मनमोहक रही। उन्होंने कहा कि सुंदर संचालन, विद्यालय परिसर की सुन्दर सजावट, अनुशासनात्मक व्यवस्था बनाएं रखने में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों योगदान सराहनीय है यहां उपस्थित पालकगण भी सुन्दर प्रस्तुतियों एवं विभिन्न स्टालों पर फूडस एवं गेम्स का आनंद ले रहे है। अंत में संस्था प्राचार्य राजेश जोशी ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

# 8500 प्रस्फुटन ग्रामों में ग्रामोत्सव का होगा आयोजन : नागर

**उज्जैन।** मप्र जन अभियान परिषद उज्जैन संभाग की संभागीय एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन सिंहस्थ् मेला कार्यालय के सभा कक्ष कोठी रोड उज्जैन में किया गया। समीक्षा बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, शास निकाय की सदस्य अजिता परमार, डॉ. बकुल लाड, शिव प्रसाद मालवीय द्वारा किया गया। बैठक के प्रारंभ में जिला समन्वयकों द्वारा कार्य प्रगति की जानकारी विकासखण्डवार पावर पाईंट



प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत की। कार्यपालक निदेशक द्वारा बिन्दुवार समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिये गये। मुख्यामंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों को इन्ट्रंहशीप पर भी कार्य शुरू करेंगे। ग्रामोदय से अभ्योदय कार्यक्रम अन्तर्गत ग्रामों में परिवर्तन को लोगों तक पहुंचाना होगा। संभागीय समीक्षा बैठक में जिला समन्वयक, जय दीक्षित, देवेन्द्रि शर्मा, तृप्ती बैरागी, विष्णु नागर, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. प्रीति यादव वर्मा, संभाग के समस्तों विकासखण्डम समन्वंयक उपस्थित रहे। संचालन जिला समन्वयक जय दीक्षित ने किया एवं आभार जिला समन्व यक विष्णुर नागर ने माना।

## मिलन समारोह में प्रतिभा सम्मान

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश सेल्स संगठन उज्जैन द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सर्वप्रथम बच्चों एवं महिलाओं की चेयर रेस, चम्मच रेस भूपेंद्र निगम, अदिति परिहार एवं मनीष अवस्थी के नेतृत्व में संपन्न हुई। तत्पश्चात संगठन के अध्यक्ष अजयप्रकाश गुप्ता, रितेश जोशी, रुद्रप्रताप अरोरा, अंकित ठाकुर, हरपालसिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम कि शुरुआत की। जिसके अंतर्गत ओमिका त्रिवेदी ने गणेश वंदना एवं प्रतीक निगम ने तबला वादन, आराध्या राठौर, अंशिका वारे यानशिका सेंगर, मधुर श्रीवास्तव ने नृत्य, डांस की प्रस्तुति दी। सेल्स मार्केटिंग में उपलब्धि हासिल करने पर वरिष्ठ सदस्य रुद्रप्रताप अरोरा, अजय खंडेलवाल का शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मान संगठन कार्यकारिणी द्वारा किया गया। एमरस ब्राइट विजन के रितेश जोशी, हर्षा जोशी एवं सिमरन रवि रोहरा का सम्मान संगठन के अध्यक्ष अजयप्रकाश गुप्ता, सुनीता परिहार व साधना मेहता द्वारा किया गया। संस्था द्वारा कक्षा नर्सरी से 10वी तक के बच्चों को शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा 11वी से स्नातक एवं मां अन्नपूर्णा खेल पुरस्कार स्व. विद्यासागर गुप्ता की स्मृति में कविता-ओमप्रकाश गुप्ता, अंजना-उमेश गुप्ता द्वारा सभी 35 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मंच संचालन एवं आभार प्रर्दशन गिरीश मेहता ने किया। जानकारी संगठन के मनीष अवस्थी ने दी।

## परीक्षा आगे बढ़ाने की मांग

**उज्जैन।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय की परीक्षा समय-सारिणी एवं यू.जी.सी. नेट परीक्षा की तिथियों में समानता को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है। एनएसयूआई ने इस विषय में कोठी रोड स्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय पहुंचकर सचिव, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक को एनएसयूआई प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की। एलएलबी, एलएलएम, एमएससी, एमए, एम.कॉम, एमएसडब्ल्यू सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं यू.जी.सी. नेट के साथ एक ही तिथि पर निर्धारित हैं। एनएसयूआई ने ज्ञापन देकर मांग की है कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही संशोधित परीक्षा समय-सारिणी जारी की जाए, जिससे सभी विद्यार्थी बिना किसी बाधा के परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकें। संबंधित अधिकारी ने ज्ञापन लेकर छात्रों को आश्वासन दिया है कि एग्जाम की तारीख आगे बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर छात्र नेता नागेश्वर परमार आदि उपस्थित थे।

**श्रद्धालुओं का तांता** ▶ **मंदिर क्षेत्र वाहनों से जाम, अधिकारियों को भी दिक्कत आ रही भीड़ नियंत्रण में**

# नए साल से पहले महाकाल मंदिर में लाखों श्रद्धालु, भस्मारती में चलित दर्शन तो होटल भी हुए फुल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। नए साल से पहले ही महाकाल का दरबार श्रद्धालुओं से भर गया है। लाखों की संख्या में लोग देशभर से यहां पहुंच रहे हैं। मंदिर में 2 से 3 घंटे में आम दर्शन हो रहे हैं। भस्मारती की अनुमति ऑनलाइन बंद है और ऑफलाइन भी लंबी कतार है। ऐसे में चलित दर्शन कर ही ज्यादातर श्रद्धालु बाबा महाकाल की भस्मारती का लाभ ले रहे हैं।**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते शहर की होटले लगभग फुल हो चुकी है। मंदिर क्षेत्र वाहनों से जाम है। जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को भी व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत आ रही है। इसका मुख्य कारण है कि शहर की कई प्रमुख क्षेत्रों की सड़कें चौड़ीकरण व निर्माण कार्यों के चलते खुदी पड़ी है। ऐसे में शहर का पूरा यातायात ही अस्त-व्यस्त हो गया है। मंदिर क्षेत्र में वाहनों की भीड़ सबसे अधिक शिप्रा के छोटे पुल को तोड़ने के कारण हो रही है। क्योंकि यहां का पूरा यातायात अब बड़े पुल की तरफ डायवर्ट हो गया है। ऐसे में एक ही पुल होने से वाहनों का काफी दबाव मंदिर क्षेत्र के दानीगेट, ढाबारोड, कार्तिकचौक, रामानुजकोट, हरसिद्धि मंदिर चौराहा, नृसिंहघाट, कहारवाड़ी से लेकर गुदरी व महाकाल मंदिर चौराहे तक नजर आ रहा है।



नए साल में यदि देखे तो अभी मध्यप्रदेश में सबसे अधिक पर्यटक भी उज्जैन में ही महाकाल के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जानकारों की माने तो उज्जैन अब धार्मिक नगरी के अलावा पर्यटन का भी बड़ा केंद्र बन गया है। क्योंकि मंदिर के पास महाकाल लोक जब से बना है यहां लाखों की संख्या में पर्यटक आने लगे है। पर्यटकों के आने से ही उज्जैन में होटल, भोजनालय, परिवहन से लेकर धार्मिक पूजन सामग्री आदि के क्षेत्र में कारोबार कई गुना अधिक बढ़ गया है।

### 1 जनवरी को 10 लाख श्रद्धालु आएंगे

प्रशासन का अनुमान है कि साल 2025 के अंतिम दिन 31 दिसंबर व नए साल 2026 के पहले दिन महाकाल के दरबार में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने का अनुमान है। इसको ध्यान में रखते हुए ही दर्शन से लेकर सुरक्षा आदि के इंतजाम किए जा रहे हैं। महाकाल मंदिर समिति के अधिकारियों ने बताया कि 25 दिसंबर से अब तक 6 लाख से अधिक लोग दर्शन कर चुके हैं। आगे 10 से 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसी के चलते पुलिस अधीक्षक से लेकर कलेक्टर और मंदिर प्रशासक प्रतिदिन भीड़ नियंत्रण को लेकर बैठक के साथ ही व्यवस्था देख रहे हैं।

### करना पड़ा दर्शन व्यवस्था में बदलाव

मंदिर में भीड़ के चलते प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था में भी बदलाव किया है। आम दर्शनार्थियों को मानसरोवर द्वार से प्रवेश दिया जा रहा है। यहां से श्रद्धालु बैरिकेड्स से होते हुए टनल में प्रवेश कर गणेश मंडप तक पहुंच रहे हैं। दर्शन के बाद उन्हें बड़ा गणेश मंदिर की ओर बने निर्गम मार्ग से बाहर निकाला जा रहा है। शीघ्र दर्शन में 250 रुपए की टिकट वाले श्रद्धालु बड़ा गणेश मंदिर से होते हुए यहीं पर मोबाइल और जूता-चप्पल रखकर बैरिकेड्स के जरिए सीधे टनल से होकर गणेश मंडप की लाइन नंबर-1 से दर्शन कर रहे हैं। विदित हो कि अभी अवकाशों के चलते भीड़ बढ़ती ही जा रही है।

## प्रारंभ हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर मैदान में 29 दिसंबर से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। जो 4 जनवरी तक चलेगी। कथा में कथावाचक पं. विनोद शर्मा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे। संरक्षक ललित लुल्ला के अनुसार समाजसेवी महेश परियानी की प्रेरणा से हो रही इस कथा में प्रथम दिन जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल, दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, विनोद लुल्ला, महेंद्र कटियार, योगेश मीणा, शशांक चंदेरी द्वारा व्यासपीठ का पूजन किया गया। इस दौरान दीपा वासवानी, राखी श्रीवास, नेहा मोटवानी, योगीता बुंदेला, रिंकू बेलानी, कनक चौधरी, दीपा खत्री, सोनिया शर्मा, बबीता रोचवानी, पूजा खेमानी, कनक वाधवानी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं। कथा के प्रथम दिन पं. शर्मा ने भागवत कथा का महात्म बताया।